# प्रशासन ने रामजानकी ट्रस्ट की 107 बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** सरकारी एवं मंदिरों से संबंधित जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम के निर्देश पर गई जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखंड घाटीगांव के अंतर्गत झांकरी ग्राम में बड़ी कार्रवाई कर रामजानकी ट्रस्ट रानी घाटी मंदिर की 107 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

**▶ भूमि का कब्जा मंदिर ट्रस्ट को सौंपा गया**



एसडीएम भितरवार राजीव समाधिया के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए लोगों को बेदखल कर मंदिर की जमीन का विधिवत कब्जा मंदिर के पुजारी कमलानंद महाराज को सौंपा गया। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित बाजार कीमत 11 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग एवं पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। मंदिर के पुजारी द्वारा भूमि की सीमाओं पर मुड्डियां गड़वाकर भूमि का कब्जा प्राप्त किया गया। जानकारी के अनुसार लगभग 35 अतिक्रमणकारी पिछले 25 से 30 वर्षों से इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए थे।

यह कार्रवाई एसडीएम भितरवार राजीव समाधिया, एसडीओपी जितेन्द्र नगाइच, तहसीलदार रुचि अग्रवाल, नायब तहसीलदार पूजा मावई, थाना प्रभारी भितरवार एवं चीनोर सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी एवं धार्मिक संस्थाओं की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## चार सौ यात्रियों ने भरी उड़ान, मुंबई रूट पर भारी ट्रैफिक

**ग्वालियर 8 जून.** राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पर सोमवार को विमान यात्रियों की अच्छी चहल-पहल देखने को मिली। प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस दिन दिल्ली और मुंबई रूट की शेड्यूल्ड फ्लाइट्स से कुल 400 यात्रियों ने आवागमन किया। पूरे दिन में दोनों प्रमुख शहरों के लिए कुल 4 फ्लाइट मूवमेंट्स (आना और जाना) दर्ज किए गए। सोमवार को सबसे ज्यादा ट्रैफिक ग्वालियर-मुंबई रूट पर देखा गया। इंडिगो एयरलाइंस की 186 सीटों की क्षमता वाले विमान में मुंबई से ग्वालियर 148 यात्री आए जबकि ग्वालियर से मुंबई जाने वाले यात्रियों की संख्या 179 रही। आंकड़ों से साफ है कि मुंबई जाने वाली फ्लाइट लगभग पूरी तरह पैक होकर रवाना हुई। इसके विपरीत, अकासा एयर द्वारा संचालित दिल्ली-ग्वालियर रूट पर इस सोमवार को यात्रियों का रिस्पॉन्स थोड़ा धीमा रहा।

# पत्नी से हुआ विवाद, पति कुएं में कूदा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के जनकताल इलाके में सोमवार सुबह पारिवारिक कलह से परेशान होकर एक युवक ने कुएं में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मलबे से भरे कुएं से युवक को सकुशल बाहर निकाला। अत्यधिक नशा करने और चोट लगने के कारण युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**▶ एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू, शराब के नशे में था युवक, हालत गंभीर**

पुलिस के अनुसार जनकताल निवासी अतुल कुशवाह (30), पिता मंगल सिंह कुशवाह, एक निजी कंपनी में कार्यरत है। सोमवार सुबह वह अत्यधिक शराब के नशे में घर लौटा था। इससे पहले कि परिजन कुछ समझ पाते,



अतुल ने घर के पास स्थित एक गहरे कुएं में छलांग लगा दी। उसे कुएं में कूदता देख परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बहोड़ापुर थाने के उपनिरीक्षक रामचंद्र शर्मा और आरक्षक आकाश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुएं में मलबा और पानी होने के कारण स्थानीय स्तर पर युवक को निकालने में परेशानी आ रही थी, जिसके बाद तुरंत एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ के जवानों ने कड़े संघर्ष के बाद युवक को बाहर निकाला और पुलिस की मदद से तुरंत अस्पताल भिजवाया।

स्थानीय लोगों और परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, अतुल को शराब पीने की गंभीर लत है, जिसे लेकर घर में आए दिन विवाद होता था। करीब आठ दिन पहले भी उसका पत्नी से इसी बात पर तीखा विवाद हुआ था, जिससे नाराज होकर उसकी पत्नी अपने मायके (गिरवाई) चली गई थी। पत्नी के जाने के बाद से ही अतुल गहरे अवसाद (डिप्रेशन) में था और लगातार भारी मात्रा में शराब का सेवन कर रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**इनका कहना है..**

'एक युवक के कुएं में कूदने की सूचना मिली थी। एसडीआरएफ की मदद से त्वरित रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक अत्यधिक नशे में था।'

**आलोक परिहार, थाना प्रभारी, बहोड़ापुर**

# जेयू और अमेरिका की बीवाईयू के बीच समझौता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** जीवाजी विश्वविद्यालय की बायोटेक्नोलॉजी अध्ययनशाला ने विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसरों के द्वार खोलते हुए अमेरिका की ब्रिघम यंग यूनिवर्सिटी (बीवाईयू) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय उत्पाद-उन्मुख अनुसंधान और छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रमों पर मिलकर काम करेंगे।

जीव विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. समीर एस. भाग्यवंत ने बताया कि इस एमओयू से छात्रों और शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय



प्रयोगशालाओं में कार्य करने, संयुक्त शोध परियोजनाओं में भाग लेने और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय से जुड़ने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता और रोजगार क्षमता में बड़ा सुधार होगा।

?हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री देना नहीं बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप कौशल और शोध क्षमता प्रदान करना है।

प्रो. भाग्यवंत ने बताया कि विभाग के विद्यार्थी कैडिला फार्मा, रिलायंस बायोटेक, डॉ. रेड्डीज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ-साथ एनआईएच (अमेरिका), यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग (यूके) जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा छात्र आईआईएससी बेंगलुरु, बीएआरसी मुंबई और आईआईटी खड़गपुर जैसे शीर्ष संस्थानों में उच्च स्तरीय शोध कर रहे हैं।

# जिला अस्पताल में चहेती कंपनियों को दिया ठेका

नवभारत न्यूज


**ग्वालियर, 8 जून।** जिला चिकित्सालय मुरार में आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनुबंध और वेतन भुगतान को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक विवाद सामने आया है। मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने जिला अस्पताल प्रबंधन और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक पर श्रम

विभाग के नियमों को ताक पर रखकर निजी स्वार्थ के लिए बिना टेंडर प्रक्रिया के नई कंपनियों को ठेका देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है।

शिकायत के अनुसार जिला चिकित्सालय मुरार की विभिन्न इकाइयों में लगभग 200 आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वित्तीय वर्ष

**▶ आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सिविल सर्जन पर लगाए गंभीर आरोप, जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

2025 तक ये सभी कर्मचारी 'राज सिक्योरिटी' एजेंसी के अधीन कार्यरत थे। आरोप है कि सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने समय-सीमा समाप्त होने के बाद न तो राज सिक्योरिटी के अनुबंध को आगे बढ़ाया और न ही नियमों के तहत नया टेंडर जारी किया। इसके बजाय, नियमों के विरुद्ध जाते हुए सीधे 'शर्मा सिक्योरिटी' और 'सनशाइन सिक्योरिटी' नामक निजी एजेंसियों से अनुबंध कर लिया गया। कर्मचारी संघ का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार करना सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता और श्रम नियमों का उल्लंघन है। चहेती कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए की गई इस सांठगांठ से आउटसोर्स कर्मचारियों के हक और अधिकारों पर संकट मंडराने लगा है। बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के किए गए इस अनुबंध से कर्मचारियों के भविष्य और उनके वेतन भुगतान की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।



# स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर बना दिया बदहाल : सुनील शर्मा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** शहर की एतिहासिक स्वर्ण रेखा नदी के नाले में तब्दील होने और शहर की विकराल सीवर समस्या के विरोध में कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुनील शर्मा और जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गंदे पानी से भरी स्वर्ण रेखा नदी के भीतर उतरकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि आज स्वर्ण रेखा नदी पूरी तरह मलबे और सीवर के पानी से पट चुकी है। नदी के भीतर बिछाई गई सीवर लाइन ध्वस्त होने से टूटे चेंबरों का गंदा पानी इसमें सीधे मिल रहा है। इसके कारण ग्वालियर विधानसभा की गलियों, मोहल्लों और कॉलोनियों में सीवर उफान पर है और लोगों के घरों में गंदा पानी भर रहा है। जनता नरकीय जीवन जीने को मजबूर है, लेकिन भाजपा इसे 'स्मार्ट सिटी' बता रही है। हकीकत यह है कि भाजपा के कुशासन से ग्वालियर 'बदहाल सिटी' बन चुका है। एलीवेटेड रोड पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि नदी के बगल वाली खाली जगह पर सही सड़क बना दी जाती, तो नदी का स्वरूप भी बच जाता और वह एलीवेटेड रोड का काम करती।

**इनका कहना है..**

अगर स्वर्ण रेखा नदी को उसके पुराने स्वरूप में नहीं लाया गया और ध्वस्त सीवर सिस्टम को जल्द ठीक कर जनता को इस नरकीय जीवन से मुक्ति नहीं मिली, तो कांग्रेस आने वाले दिनों में और अधिक उग्र आंदोलन करेगी।

**– सुनील शर्मा, प्रदेश महासचिव, कांग्रेस**

# निगम ने चलाया विशेष जन जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत डिवाइन, म्यूज एवं दीक्षा फाउंडेशन की टीम घर-घर पहुंचकर नागरिकों को कचरा पृथक्करण और वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन की जानकारी दे रही है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी प्रतीक राव के निर्देशानुसार टीम द्वारा आमजन को गीला, सूखा, बायो-मेडिकल तथा हानिकारक कचरे की अलग-अलग पहचान और उन्हें अलग अलग डस्टबिनो में एकत्रित करने के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को अपने घरों में ही कचरे का पृथक्करण करने की सरल विधियां समझाई जा रही हैं, जिससे स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# ब्रेन ट्यूमर के सफल ऑपरेशन से मरीजों को मिल रहा नया जीवन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** गजराराजा मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभाग में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के चलते ब्रेन ट्यूमर के जटिल ऑपरेशन अब रोजमर्रा की बात हो गए हैं। विभाग में हर महीने औसतन 40 से 50 ब्रेन ट्यूमर के सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिससे गंभीर मरीजों को नया जीवन मिल रहा है। यह बात न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश शर्मा ने 'विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस' के अवसर पर आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। विभाग के सेमिनार हॉल में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में उन मरीजों का सम्मान भी किया गया, जो सफल सर्जरी के बाद अब पूरी तरह सामान्य जीवन जी रहे हैं।



**9 साल के श्यामजीत ने काटा केक, डॉक्टरों को कहा थैंक्यू**

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायी पल तब आया, जब ब्रेन ट्यूमर जैसी घातक बीमारी को मात दे चुका 9 वर्षीय मासूम श्यामजीत मंच पर आया। ऑपरेशन के बाद पूरी तरह स्वस्थ हो चुका श्यामजीत बेहद खुश और उत्साहित नजर आया। कार्यक्रम में केक काटने के बाद उसने डॉक्टरों के प्रति आभार जताते हुए कहा 'मैं भी बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एस बी आई स्किलिंग फॉर फ्यूचर-परियोजना के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में एफपीएआई की जनरल मैनेजर नीलम दीक्षित उपस्थित थीं। उनके मार्गदर्शन में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर नीलम दीक्षित ने कहा कि पर्यावरण को बचाना है तो हमें अधिक से अधिक पौधे लगाना है। कार्यक्रम में प्रोग्राम मैनेजर अच्छेन्द्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें




पर्यावरण को बचाना है और वृक्षों को बचाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करना चाहिए पेट्रोल और डीजल पर ही बचाव रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रशिक्षक पवन राजपूत, अनुप यादव, सिद्धार्थ, अधीश, आशीष सोनी एवं सुनील ने सहयोग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना था।

# 42 के पार पहुंचा पारा, अगले तीन दिनों में और बढ़ेगा तापमान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** अंचल में पिछले दिनों हुई आंधी और हल्की बूंदाबांदी से मिली राहत अब पूरी तरह खत्म हो गई है और भीषण गर्मी ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सूरज की तीखी कतरनों के चलते तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। रविवार को जहां अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं सोमवार को न्यूनतम तापमान में उछाल आया और यह 30.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, आज मंगलवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, वर्तमान में कोई भी प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है, जिसके कारण मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है। हवा का रुख बदलकर उत्तर-पश्चिमी हो गया है, जिससे राजस्थान की ओर से आ रही गर्म और शुष्क हवाएं अंचल को तपा रही हैं। इस मौसमी बदलाव के चलते अगले तीन दिनों के भीतर अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होने की आशंका जताई गई है। राहत की बात यह है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल से आगे की ओर बढ़ चुका है।

# भैंस के आगे बीन बजाकर जताया विरोध

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन के कथित तानाशाही रवैये और शोषण के विरोध में सोमवार को अनूठा प्रदर्शन किया। अपनी मांगों की ओर जनता और सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए कर्मचारियों ने धरना स्थल पर

**▶ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का अनूठा प्रदर्शन**

भैंस के आगे बीन बजाई और जोरदार नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया। आंदोलन के दूसरे दिन भी धरना पंडाल में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के संविदा कर्मियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जिले में स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानी जाने वाली प्रमुख सेवाएं जैसे टीबी उन्मूलन, नियमित टीकाकरण, पोषण पुनर्वास केंद्र दवा वितरण और ओपीडी की व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से बाधित रहीं।



संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने संविदा कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग का हनुमान कहा था जो पिछले 20-25 वर्षों से निष्ठापूर्वक सेवाएं दे रहे हैं।

न्यायालय और सरकार के नियमों के अनुसार 10 वर्ष पूरे होने पर नियमितीकरण किया जाना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी वर्षों पुरानी बंद हो चुकी अप्रेजल व्यवस्था को दोबारा थोपकर कर्मचारियों का शोषण करना चाहते हैं। इस व्यवस्था का पूरे प्रदेश में कड़ा विरोध किया जाएगा।

आंदोलन के दौरान प्रमुख रूप से डीसीएम खान, एपीएम धर्मेंद्र राणा, एएनएम सुनीता नरवरिया, राखी शिंदे, सरिता, बीपीएम इमरान खान, सतीश कन्नौजी, पीएचएम भूपेंद्र शर्मा, विपिन ओझा, स्टाफ नर्स रेणु शर्मा, मनीष यादव, कामना साहू, दीपक, राकेश, सीएचओ प्रीतम, दिनेश, साधना कुशवाहा, डॉ. आशीष बैम, संजय शाक्य सहित टीबी विभाग से राजीव चौहान, प्रमोद सुमन, अतुल श्रीवास्तव, दीपचंद्र शाक्य, फार्मासिस्ट सनी तोमर, कौशलेंद्र सिंह, लैब तकनीशियन अशोक आर्य, अभय माथुर, निमेष उदैनिया और प्रभु सिंह सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

# एमिटी में बुंदेलखंड की वैश्विक धरोहरों के संरक्षण पर मंथन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 जून।** बुंदेलखंड क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और क्षेत्र में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमिटी विश्वविद्यालय के आर्किटेक्चर विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने सतत विरासत संरक्षण के लिए तकनीक, जनभागीदारी और संस्थागत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में विरासत संरक्षण, सांस्कृतिक पर्यटन, डिजिटल तकनीकों और ऐतिहासिक नगरों के सतत विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन मंथन हुआ।

कुलगुरु प्रो.आर.एस. तोमर ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरें किसी भी समाज की सांस्कृतिक पहचान होती हैं। इनके संरक्षण से ही हमारी संस्कृति संरक्षित हो सकती है। प्रो-





चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा ने विरासत संरक्षण को राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक गौरव से जोड़ा। मुख्य अतिथि आईकोमोस इंडिया की अध्यक्ष डॉ. रीमा हूजा ने विरासत प्रबंधन में संस्थागत सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। ड्रोनाह फाउंडेशन की निदेशक एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सलाहकार डॉ. शिखा जैन तथा आईकोमोस से जुड़े कर्नल अनुज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एसपीए दिल्ली के आर्किटेक्ट संजय भंडारी, पूर्व केंद्रीय सचिव एवं पर्यटन विशेषज्ञ डॉ. कल्याण कुमार चक्रवर्ती, सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. जोहानेस विडोडो, आईकोमोस इंडिया के डॉ. दिलीप चंगाकोटी, यशवंतरावजी होलकर, रवि गुंडू राव, आर्किटेक्ट आकाश पंचाल, नितिन सिन्हा, डॉ. नुपुर प्रोथी खन्ना तथा ड्रोनाह फाउंडेशन की आर्किटेक्ट तपस्या सामल ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए।

इसके अंतर्गत आयोजित विशेष पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने बुंदेलखंड क्षेत्र में विरासत आधारित पर्यटन, स्थानीय सहभागिता, धरोहर संरक्षण और रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

संगोष्ठी के अवसर पर आईकोमोस और एमिटी यूनिवर्सिटी मध्यप्रदेश के बीच महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया गया। आईकमोस की ओर से डॉ रीमा होजा एवं एमिटी के कुलगुरु प्रो डॉ आर एस तोमर ने महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत दोनों सहभागी विश्व विरासतों के संरक्षण एवं उनके सतत विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। संगोष्ठी में प्रो वाइस चांसलर रिसर्च प्रो डॉ. एम पी कौशिक, विभाग प्रमुख प्रो. कौस्तुभ दास, प्रो सुधीर सिकरवार, आदित्य भट्टाचार्य सहित विभिन्न फैकल्टी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## यातायात को अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं फड़ वालों को हटाया

**ग्वालियर 08 जून।** नोडल अधिकारी मदाखलत केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार मदाखलत अधिकारी सत्येंद्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में मांडरे की माता रोड पर यातायात में अवरुद्ध हाथ ठेले वालों को हटाया गया। इसके साथ ही रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड के पास डी बी मॉल के सामने रोड़ पर यातायात में अवरुद्ध हाथ ठेले वालों को हटवाया गया। उक्त कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक राकेश सिंह चौहान, सुघर सिंह सिसौदिया व दल पूर्व उपस्थित रहा। इसके साथ ही मदाखलत अधिकारी रवि कुमार कोरी के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत महाराज बाड़ा स्थित सुभाष मार्केट, नजरबाग मार्केट, गोरखी स्काउट, सुभाष मार्केट एवं टाउन हॉल मुख्य मार्गों पर यातायात एवं आमजनों का रास्ता अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले, फड़ इत्यादि को हटाया गया.


**मध्यप्रदेश शासन**

**नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

क्रमांक 78/ज.प्र./न.पा.नि./2026 | दिनांक 08/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026-UAD-512917-1 04.06.2026 | वार्ड क्रमांक 01, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 63 एवं 64 में सीवर मेनहोल निर्माण, सीवर पाइप बदलना एवं नवीन डालने का कार्य | 65,33,105/- | 10,000/- 48,998/- | 06.07.2026 |

1. निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन की वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

**कार्यपालन यंत्री**
**जल प्रदाय विभाग,**
**ग्वालियर विधानसभा,**
**नगर निगम ग्वालियर**

Ro क्र. 403 दि. 08/06/26


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95